**कार्यालय–अर्थ एवं संख्या निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून।**
**37 ए, आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।**
**फोन नं0– 0135–2712604, 2654871**


## विज्ञप्ति (Walk in Interview)

पत्रांकः–1054/135/SSS /मा0सं0/2016 दिनांकः 11 सितम्बर, 2024

सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित सांख्यिकीय सुदृढ़ीकरण हेतु सपोर्ट परियोजना (Support for Statistical Strengthening, (SSS) के अन्तर्गत अर्थ एवं संख्या निदेशालय/सेतु आयोग उत्तराखण्ड देहरादून में सांख्यिकीय कार्यों हेतु 01 नियोजन एवं सांख्यिकी अनुभवी योग्य सेवानिवृत्त अधिकारी की आवश्यकता है। जिसकी सेवायें पूर्णतः अस्थायी होंगी। सेवा शर्तें तथा अन्य का विवरण अर्थ एवं संख्या निदेशालय की वेबसाईट https://des.uk.gov.in पर उपलब्ध है।

## सेवा शर्तें (TOR)

1. यह सेवा पूर्णतः अस्थायी एवं एक निर्धारित समय सीमा हेतु ही होगी।
2. सभी विभागों से जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर, केन्द्रीय सहायतित व वाह्य सहायतित सभी लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी संकलित करना।
3. विभागों से प्राप्त डाटा का गहन परिनिरिक्षण करना।
4. योजनाओं की Duplicacy जॉच करना।
5. लाभार्थीपरक योजनाओं का डाटा संकलित करना तथा समय–समय पर Update करना।
6. Web portal development में सहायता।
7. योजना से सम्बन्धित अन्य कार्य।

## अन्य विवरण

1. कार्य अवधि 01 वर्ष अथवा एस0एस0एस0 परियोजना समाप्ति तक जो भी पहले हो।
2. पद हेतु नियोजन एवं सांख्यिकी अनुभवी योग्य सेवानिवृत्त अधिकारी जो 65 वर्ष से अधिक आयु के न हो आवेदन कर सकते है।
3. पद हेतु आवेदक का बायोडाटा, 02 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड अथवा अधिकृत पहचान पत्र जो बायोडाटा के साथ संलग्न हों।
4. सेवानिवृत्ति का प्रमाण पत्र।
5. वेतन शासकीय नियमानुसार देय होगा।
6. Walk in Interview में सम्मिलित होने के लिए कोई भी टी0ए0/डी0ए0 देय नहीं होगा।
7. अभ्यर्थियों के लिए वॉक–इन–इन्टरव्यू दिनांक 30.9.2024 को प्रातः 11:30 बजे अर्थ एवं संख्या निदेशालय 37 ए, आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून के पंचम तल में निर्धारित है।
   अतः अभीष्ट शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी अपना बायोडाटा तथा क्रम सं0 3 तथा 4 में उल्लेखित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक–एक स्वःप्रमाणित छायाप्रति सहित चयन समिति के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार ज्ञान ऑकलन के आधार पर सम्पादित की जायेगी। इस सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

(सुशील कुमार)
निदेशक